Sat · 9 Aug 2014.

एचटी मीडिया लिमिटेड

सीआईएनः L22121DL2002PLC117874

पंजीकृत कार्यालयः हिन्दुस्तान टाइम्स हाउस, 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली - 110 001

फोनः +91 11 6656 1608 फैक्स +91 11 6656 1445

ई-मेलः corporatedept@hindustantimes.com वैबसाइटः www.htmedia.in

सदस्यों के लिए सूचना

सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 साथ में पठित कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 के नियम 22 के अनुसार, यह कम्पनी डाक मतपत्र प्रक्रिया के माध्यम से निम्नलिखित विशेष प्रस्ताव(वों) को पारित करने का प्रस्ताव रखती हैः- (क) कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 180(1)(सी) के अनुसार चुकता शेयर पूंजी एवं संचित निधि के योगांक से अधिक उधार लेने की स्वीकृति; और (ख) कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 180(1)(ए) के अनुसार, कम्पनी की किसी या सभी अचल/चल और/या मूर्त/अमूर्त सम्पत्तियों को गिरवी, बंधक रखने और/या अन्यथा चार्ज, हस्तांतरित, जमानत पर देने, ग्रहणाधिकार या अन्य भार उत्पन्न करने अथवा किसी भी तरीके से निपटान के लिए अधिकृत करना।

डाक मतपत्र सूचना को प्रेषित करने की प्रक्रिया 8 अगस्त, 2014 को पूरी कर ली गई है। सदस्यों के मतदान अधिकार की गणना 25 जुलाई, 2014 को हो गई है, जो इस प्रयोजन हेतु कट-ऑफ डेट है। भौतिक विधि द्वारा वोट करने के इच्छुक सदस्य डाक मत प्रपत्रों में उपरोक्त विशेष प्रस्ताव(वों) पर अपनी स्वीकृति(पक्ष)/अस्वीकृति (विपक्ष) दर्ज करवाएंगे और अधिकतम मंगलवार, 9 सितम्बर, 2014 (सांय 5.30 बजे) तक उन्हें डाक शुल्क पूर्व-प्रदत्त बिजनेस रिप्लाई अंतर्देशीय पत्र (यदि भारत में प्रेषित किया गया है) में इसे विधिवत सम्पूरित और मूल में उसे वापस करना होगा। वे सदस्य, जो इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा वोट करना चाहते हैं, तो ई-वोटिंग सोमवार, 11 अगस्त, 2014 को सुबह 9.30 बजे (सर्वर समय) से शुरू होगी और मंगलवार, 9 सितम्बर, 2014 को सायं 5.30 बजे (सर्वर समय) तक खुली रहेगी। सदस्यगण कृपया यह ध्यान दें कि यदि सदस्यों से दि. 9 सितम्बर, 2014 को सायं 5.30 बजे के बाद डाक मत प्रपत्र प्राप्त होते हैं, तो यह माना जाएगा कि ऐसे सदस्यों से प्रत्युत्तर प्राप्त ही नहीं हुए हैं और उसकी गणना विशेष प्रस्ताव पारित करने के उद्देश्य हेतु नहीं की जाएगी। इसी प्रकार से 9 सितम्बर, 2014 को सायं 5.30 बजे के बाद इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा मतदान करने की अनुमति नहीं होगी।

वे सदस्यगण, जो ई-मेल द्वारा डाक मतपत्र सूचना प्राप्त करते हैं और भौतिक डाक मत प्रपत्र के माध्यम से मतदान करना चाहते हैं, वे लिंक **https://evoting.karvy.com** से डाक मत प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। यदि डाक द्वारा भेजे गए डाक मत प्रपत्र प्राप्त नहीं होते हैं, तो सदस्यगण रजिस्ट्रार एवं शेयर हस्तांतरण प्रतिनिधि अर्थात मैसर्स कार्वी कम्प्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क कर सकते हैं।

कम्पनी के निदेशक मंडल ने डाक मतपत्र को निष्पक्ष तथा पारदर्शी तरीके से संचालित करवाने के लिए जांचकर्ता के रूप में श्री एन.सी. खन्ना, प्रैक्टिसिंग कम्पनी सचिव को नियुक्त किया है। डाक मतपत्रों का परिणाम शुक्रवार, 12 सितम्बर, 2014 को सायं 5.00 बजे घोषित किया जाएगा और उसी दिन स्टॉक एक्सचेंज, जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं, को सूचित कर दिया जाएगा और कम्पनी और कार्वी की वेबसाइट अर्थात क्रमशः **www.htmedia.in** और **https://evoting.karvy.com** पर अपलोड कर दिया जाएगा।

डाक मतपत्र या इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा वोट देने से जुड़ी किसी भी शिकायत/पूछताछ के लिए सदस्यगण कृपया श्री सुरेश बाबू डी., कार्वी कम्प्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड, इकाईः एचटी मीडिया लिमिटेड, प्लॉट नं. 17-24, विट्ठलराव नगर, माधापुर, हैदराबाद-500 081, फोनः +91-40-44655000, टॉल फ्री नं.: 1800-345-4001, फैक्सः +91-40-23420814 और ई-मेल आईडीः einward.ris@karvy.com से सम्पर्क कर सकते हैं।

कृते एचटी मीडिया लिमिटेड

ह०/-

(दिनेश मित्तल)

ग्रुप जनरल काउन्सिल एवं

कम्पनी सचिव

स्थानः नई दिल्ली

दिनांकः 8 अगस्त, 2014